हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 5 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 37 .2 डिग्री
न्यूनतम 22 .3 डिग्री

12 सर्वर डाउन से बढ़ रही मरीजों की परेशानी, अस्पतालकर्मी भी परेशान



12 जिलास्तरीय तीरंदाजी में श्रीजी स्कूल के 8 छात्र राज्य स्तर के लिए चयनित



## खबर संक्षेप

### मोबाइल चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत**। मोहाना थाना क्षेत्र में कमरे से मोबाइल फोन चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीन निवासी सलीमपुर ट्राली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नैना तातारपुर निवासी अमित ने गत दो जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसने अपने खेत में कमरा बना हुआ है। जहां मजदूर रहते है। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक दलबीर की टीम ने आरोपित को काबू कर लिया।

### खरखौदा में होगी पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप

**खरखौदा**। छठी सोनीपत जिला स्तरीय जूनियर, सब जूनियर व प्रीटीन पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप तथा जिला स्तरीय पेंचक सिलाट कप जूनियर व सीनियर वर्ग का आयोजन 6 जुलाई को प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा में किया जाएगा। यह जानकारी सोनीपत जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के सचिव जगमेन्द्र पांचाल ने दी।

### संतृप्ति अभियान 30 सितंबर तक चलेगा

**सोनीपत**। जिला उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि वित्तीय योजनाओं के लिए संतृप्ति अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत गांव में कैंप लगाकर ई केवाईसी द्वारा खातों को अपडेट किया जाएगा। जिसके अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के खातों को दोबारा चालू करके सरकारी योजनाओं से जुडने के लिए जागृत किया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक गांवो में कैंप की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप से सफल बनाने के दायित्व का निर्वाह करेंगे।

### युवक की हत्या में शामिल आरोपित गिरफ्तार


**सोनीपत**। बहालगढ़ थाना क्षेत्र में युवक का अपहरण कर उसकी हत्या करने की वारदात में शामिल चौथे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रिहान निवासी बड़ौत यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। गत 28 जनवरी को टैक्सी चालक प्रमोद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। अगले दिन नवीन ने शिकायत दी थी कि उसका ड्राइवर वापस नहीं लौटा।



ककरोई चौक पर भरे बरसात के पानी से निकलते वाहन।



गीता भवन आरओबी से बारिश के बीच गुजरते वाहन।



# दिन में उमस, शाम को बारिश, पानी-पानी हुआ शहर

## शाम पांच बजे के बाद बरसे मेघा, एक घंटे के करीब हुई बारिश ने खोल दी निगम की पोल

### दिन भर में गर्मी और उमस के चलते लोगों को हुई थी दिक्कत, फसलों के लिये बेहद अच्छी रहेगी बारिश, धान की बिजाई में होगी आसानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में शुक्रवार को मौसम ने लोगों की कड़ी परीक्षा ली। पहले तो सुबह से ही निकली कड़ी धूप और उमस ने दोपहर तक लोगों का पसीना निकाले रखा। इसके बाद शाम के समय अचानक से मौसम बदला और आसमान में बादल छा गए। जिसके बाद तकरीबन 1 घंटे तक जमकर बारिश हुई। बारिश की वजह से गर्मी से तो राहत मिल गई, लेकिन सड़कों पर इतना पानी जमा हो गया कि लोगों को निकलना दुभर हो गया। जो लोग अपने वाहनों के साथ सड़कों पर निकले उनमें से ज्यादातर के वाहन खराब हो गए। जलभराव ने नगर निगम और प्रशासन के उन दावों की भी हवा निकाल दी, जिसमें जिले की सभी ड्रेन और नालों की सफाई का काम पूरा होना बताया गया था। सोनीपत शहर में विशेषतौर पर लगभग हर चौक चौराहा, हर गली मोहल्ल से लेकर पॉश इलाकों तक में जलभराव हो गया। जिसके कारण लोग घरों में कैद रहे। वहीं कई कॉलोनियों में लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। देर शाम समाचार लिखे जाने तक बारिश तो रूक गई थी, लेकिन सड़कों पर बारिश का पानी इकट्ठा ही था। दूसरी ओर बारिश की वजह से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। क्योंकि इस बारिश को फसलों के लिये बेहद आवश्यक माना जा रहा है। मानसून की यह बारिश दो तीन दिन और जारी रह सकती है।



रेलवे स्टेशन से प्रेम नगर जाने वाली सड़क पर जलभराव।



### 7 जुलाई तक बारिश के आसार

*मौसम विभाग पहले ही 4 जुलाई से बारिश का अनुमान जारी कर चुका था, जो शुक्रवार को सटीक साबित हुआ। हालांकि पिछले कुछ समय में मौसम विभाग की भविष्यवाणी अधिकतर मौकों पर फेल ही रही थी, लेकिन शुक्रवार को ऐसा नहीं हुआ। मौसम मौसम विशेषज्ञों ने आगामी 7 जुलाई तक और अधिक बारिश की संभावना जताई है।*

### सिंचाई पर अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा

इस बीच मौसम में आए बदलाव पर कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश खरीफ की फसलों, विशेषकर धान, बाजरा और मक्का के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। उमस भरे मौसम के कारण पौधों को जो नुकसान हो सकता था, वह बारिश से संतुलित हो गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, अगर इसी तरह अगले कुछ दिन अच्छी बारिश होती रही तो फसलों की ग्रोथ बेहतर होगी और किसानों को सिंचाई पर अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा।

### पॉश इलाकों में भी हुआ जलभराव

बारिश से जहां एक ओर तापमान में गिरावट दर्ज की गई, वहीं दूसरी ओर शहर के विभिन्न इलाकों में जलभराव की समस्या सामने आई। गीता भवन चौक, ककरोई चौक, सुभाष चौक, मॉडल टाउन, सेक्टर 14 व 15, मंडी क्षेत्र और सूरी पेट्रोल पंप वाली गली जैसे प्रमुख स्थानों पर जलभराव के कारण राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पानी भरने से दोपहिया वाहन खराब हो गए और जाम की स्थिति भी उत्पन्न हुई। शहर में जल निकासी व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुल गई है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि बारिश से पहले नालों की सफाई और जलनिकासी की बेहतर व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचा जा सके।

# लालागढ़ी रोड पर जलभराव, आवाजाही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लालागढ़ी रोड पर नालियों का दूषित पानी सड़कों पर जमा होने से स्थानीय निवासियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाले नहीं होने और सीवर की निकासी व्यवस्था जाम होने के कारण दूषित पानी सड़क पर बहता रहता है। इसके अलावा सड़क का लेवल नीचा होने के कारण भी यहां पानी जमा रहता है। ऐसे में वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कत होती है, वहीं सबसे अधिक परेशानी पैदल चलने वालों को उठानी पड़ती है। स्थानीय निवासी पूर्व पार्षद अशोक सैनी ने बताया कि पानी के जमाव से मच्छरों की भरमार हो गई है, जिससे रात को सोना भी मुश्किल हो गया है और बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। यह समस्या काफी लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन नगरपालिका द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। बरसात के दिनों में यह समस्या और गंभीर हो जाती है और लोगों का अपने घरों तक आना-जाना भी मुश्किल हो जाता है।



**गन्नौर**। लालागढ़ी रोड पर भरे पानी से होकर गुजरते वाहन चालक।

### सड़क का लेवल करवाएंगे ठीक

वार्ड 8 पार्षद विकास शर्मा ने बताया कि वार्ड में रिपेयरिंग के कार्य के लिए 50 लाख रुपये का टेंडर लगाया गया है। जिसमें लाला गढ़ी रोड का एस्टिमेट भी बनवाया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क के लेवल को ठीक करने के साथ ही नालियों को और चौड़ा करवाया जाएगा, ताकि वहां दोबारा जल जमाव न हो। उम्मीद है अगले महीने यह काम शुरू हो जाएगा।

# हादसे में बुझे तीन घरों के चिराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रिंस बिनौली के थे और हाल ही में फार्मासिस्ट का कोर्स किया था। रविवार को उसका जन्मदिन था। ढाई साल पहले उसकी शादी हुई थी और उसका एक साल का बेटा है। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। हादसे वाले दिन वह दोस्तों के साथ मुरथल पार्टी मनाने आया था। सिरसली के सचिन की बागपत में हार्डवेयर की दुकान थी और वह चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था।छोटे भाई की मौत पर परिवार का बुरा हाल है। आदित्य कालेज में पढ़ रहा था और उसका बड़ा भाई उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही है। हादसे के वक्त आदित्य गाड़ी में फंस गया और जिंदा जल गया। हादसे में घायल विशाल भी बिनौली का ही रहने वाला है। वह मोबाइल की दुकान चलाता है और स्कार्पियो उसी की थी जिसे वह चला रहा था।चारों दोस्त घर पर बता कर मुरथल पार्टी के लिए आए थे।

### जन्मदिन पर पराठे खिलाने लाया था प्रिंस

अस्पताल में पहुंचे परिजनों ने बताया कि प्रिंस का तीन जुलाई का जन्मदिन था। वह विशाल की गाड़ी में आदित्य, सचिन के साथ मुरथल ढाबे पर खाना-खाने के लिए आया हुआ था। वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। गाड़ी अज्ञात वाहन से टकराने के बाद विपरीत दिशा में जाकर ट्रक से टकराई है। प्रिंस के पास एक दो साल का बेटा है। गांव में एक साथ दो की शव व तीसरे युवक दूसरे गांव है। तीनों के घरों में गम का माहौल है। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

### गाड़ी के अंदर ही जिंदा जल गया आदित्य, अवशेष बरामद

प्रत्यक्षदर्शी के बताए अनुसार हादसे के बाद गाड़ी कई बार पलटी। उसके बाद गाड़ी में आग लग गई। राहगीरों ने गाड़ी के अंदर से तीन युवकों को निकाल लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आग बढ़ती चली गई। जिसके चलते आदित्य गाड़ी के अंदर जिंदा ही जल गया। दमकल विभाग की टीम तब तक गाड़ी की आग पर काबू पाती। आदित्य तब तक 80 प्रतिशत जल चुका था।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियां जोरों पर, 9 को लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) हरियाणा के प्रदेश सचिव हरिप्रकाश ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा-नीत केंद्र सरकार की मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एआईयूटीयूसी सहित देश की 10 बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशनों के साझे आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को एक दिन की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की तैयारियां जोरों पर हैं। इस आम हड़ताल को संयुक्त किसान मोर्चे (एसकेएम) ने भी पूर्ण समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों का निर्मम शोषण-जुल्म बढ़ता जा रहा है। बढ़ती महंगाई-बेरोजगारी से मेहनतकश लोग परेशान हैं। केंद्र व राज्य सरकारें देश के पूंजीपतियों के स्वार्थ साधने के लिए मजदूरों की रोजी-रोटी और अधिकारों पर ताबड़तोड़ हमले कर रही हैं। सरकार बड़े संघर्षों से हासिल कई श्रम कानूनों को रद्द करके मजदूर-विरोधी 4 लेबर कोड लायी है। काम के घंटे व कार्यभार बढ़ा दिये हैं। वेतन सहित हितलाभ कम किये जा रहे हैं। श्रमिकों के लिए सामूहिक सौदेबाजी करने, यूनियन बनाने व हड़ताल करने जैसे वैधानिक ट्रेड यूनियन अधिकार व जनवादी अधिकार छीने जा रहे हैं। न्यूनतम वेतन निर्धारण करने के सर्वमान्य मानदंडों को दरकिनार करने के लिए न्यूनतम वेतन की नई व्याख्या स्थापित करने जैसे अनेक मजदूर-विरोधी प्रावधान लाये जा रहे हैं। मजदूरों के हकों के लिए उठने वाली हर आवाज को दबाया जा रहा है। शोषण-अन्याय के खिलाफ हर मजदूर आंदोलन और जनवादी आंदोलन को लाठी-गोली से बेरहमी से कुचला जा रहा है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**सोनीपत**। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप का मामला सामने आया है। युवती ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक युवती ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि करीब पांच साल पहले पढ़ाई करते समय उसकी मुलाकात बैंयापुर निवासी युवक के साथ हो गई। युवक ने उसे शादी का झांसा देकर गलत काम किया। जब वह शादी के कहती तो युवक टालमटोल करने लगा। वहीं किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

## सुभाष चौक पर पार्किंग के रास्ते में बाधा बनीं दुकानों पर अब होगी कार्रवाई, कोर्ट से मिली अंतिम मंजूरी

**सोनीपत**। सुभाष चौक पर पार्किंग स्थल पर बनी 17 अवैध दुकानों को हटाने का रास्ता अब तरह साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 4 दिसंबर 2024 को स्टे ऑर्डर निरस्त कर दिया था। इसके बाद प्रशासन ने 10 मार्च 2025 को पीपी एक्ट के तहत केस दाखिल किया और 30 अप्रैल 2025 को कलेक्टर कोर्ट ने दुकानों को खाली कराने का आदेश तहसीलदार (सेल्स) को दे दिया। 2 जून को 10 जून तक का नोटिस जारी हुआ, पर दुकानदारों ने कोर्ट में राहत के लिए याचिकाएं दायर कीं, जो खारिज हो गई। दूसरा नोटिस 19 जून को जारी हुआ, जिसमें 25 जून तक समय दिया गया। उस दिन प्रशासन जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंचा, कुछ दुकानदारों ने सामान निकालना शुरू किया, वहीं कुछ ने उपायुक्त से 10 दिन की मोहलत मांगी, जो 5 जुलाई तक दी गई। इसी दौरान कमिश्नर कोर्ट ने दुकानदारों की स्टे एप्लीकेशन 3 जुलाई को खारिज कर दी। 4 जुलाई को हाई कोर्ट ने भी केस संख्या सीडब्ल्यूपी-17748 को खारिज कर दिया।

### नगर निगम क्षेत्र के मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार

**सोनीपत**। नगर निगम सोनीपत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक मंदिरों में अब सुविधाओं के सुधार और जीर्णोद्धार की दिशा में एक सकारात्मक पहल की जा रही है। यह प्रयास सेफ इंडिया फाउंडेशन व गौमुख वर्ल्ड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किया गया है। संस्थाओं ने घोषणा की है कि निगम क्षेत्र के ऐसे मंदिर, जहां पूजा सामग्री की कमी हो, मूर्तियां खंडित हों, रंग-रोगन, पोशाक, जल या बैठने की व्यवस्था, पौधरोपण या मरम्मत की आवश्यकता हो, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जाएगा। यह कार्य "पहले आओ, पहले पाओ" के सिद्धांत पर मंदिर की स्थिति जांचकर ही किया जाएगा।

## चीनी मिल के एमडी ने टेंडर को होल्ड में रखा, आगामी बैठक में होगी टेंडर पर चर्चा

# ऑडिट विभाग के टेंडर में मिली खामियां अधिकारियों को बताई, होल्ड

- कर्मचारियों की संख्या व गत पेराई सत्र की रिकवरी सहित अन्य खामियों पर उठे थे सवाल
- टेंडर लेने वाली कंपनी गत वर्ष के पेराई सत्र की रिपोर्ट व कर्मचारियों की संख्या का नहीं दे पा रही सही से विवरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



दि सहकारिता चीनी मिल सोनीपत का वर्ष 2025-26 पेराई सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए मिल प्रबंधन की तरफ से रिपेयरिंग व कारखाने को चलाने के टेंडर को होल्ड पर रखा दिया है। मिल प्रबंधन के ऑडिट विभाग की तरफ से प्रबंधन को टेंडर लेने वाली कंपनी पर समय पर रिपोर्ट मुहैया व कर्मचारियों की संख्या सही से प्रबंधन को अवगत न करने सहित अन्य कमी बताकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। जिसके बाद मिल एमडी की तरफ से टेंडर को आगामी आदेशों तक रोक दिया गया है।

बता दें कि शहर के कामी गांव सड़क मार्ग पर स्थित दि सहकारिता चीनी मिल में पेराई सत्र से पहले रिपेयरिंग कार्य व कारखाने को चलाने के लिए टेंडर जारी किया जाता है। वर्ष 2024-25 में यूपी की कंपनी आरए कोन्ट्रेक्टर अमरोहा को टेंडर जारी किया गया था। कंपनी की तरफ से पेराई सत्र में प्रबंधन के द्वारा निर्धारित पैमानों पर कार्य करना था। जानकारी मिली है कंपनी की तरफ से जरूरी मापदंडों को पूरा नहीं किया गया। कंपनी की तरफ से पेराई सत्र की रिकवरी रिपोर्ट सहित अन्य जरूरी पैमानों पर कार्य करने की रिपोर्ट को प्रबंधन को नहीं सौंपी गई थी। कंपनी की तरफ तरफ से आरटी-8 सी रिपोर्ट देरी से सौंपने का आरोप लगा था। वर्ष 2025-26 के पेराई सत्र को चलाने के लिए प्रबंधन की तरफ से टेंडर जारी किया गया। जिसे फिर से यूपी की कंपनी को गत 10 जून को टेंडर सौंप दिया गया। हालांकि टेंडर को लेकर कई सवाल पहले भी मिल प्रबंधन पर उठाए गए थे, लेकिन उसके बावजूद उसकी कंपनी को टेंडर जारी कर दिया गया।


### आरटी-8 सी रिपोर्ट नहीं सौंपी, उसके बावजूद कर दिया टेंडर

चीनी मिल कारखाने को चलाने वाली कंपनी को मिल प्रबंधन को पेराई सत्र में कार्य करने के लिए आरटी-8 सी रिपोर्ट सौंपनी होती है। जिसमें चीनी की रिकवरी, खोई, सहित अन्य जानकारी प्रबंधन को देना आवश्यक होता है। मिल प्रबंधन की तरफ से कंपनी को बिना रिपोर्ट के टेंडर जारी करने का आरोप लगा था। प्रबंधन की 13 मई को हुई बैठक में कंपनी को टेंडर देने पर मुहर लगी। उसके बाद 10 जून को कंपनी को टेंडर जारी करने के आदेश पारित कर दिए गए।

### जल्द ही रिपेयरिंग का कार्य किया जाएगा

पेराई सत्र को चलाने के लिए समय पर कारखाने में रिपेयरिंग का कार्य करना होता है। ताकि किसानों को पेराई सत्र चलने का इंतजार न करना पड़े। टेंडर जारी किया जा चुका है। कुछ खामियां होने के चलते कार्य को होल्ड पर रखा गया था। खामियों को दूर कर लिया गया है। जल्द से जल्द कार्य को तेज गति से चलाकर रिपेयरिंग कार्य किया जायेगा। ताकि पेराई सत्र को शुरू करने में किसी प्रकार की परेशानी सामने न आए।

-संजीव हुड्डा, सुप्रीटेंडेंट, चीनी मिल।



# बिग बी ने शेयर की शानदार तस्वीर केबीसी के सफर को किया याद

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने केबीसी के 25 साल पूरे होने के सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास और शानदार तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 3 जुलाई 2025 को, जब मैं इस साल के केबीसी सीजन की तैयारी कर रहा था, मुझे केबीसी टीम ने बताया - 3 जुलाई 2000 को केबीसी का पहला प्रसारण हुआ था...25 साल, केबीसी का जीवन। अमिताभ बच्चन की इस शानदार पोस्ट पर कई सेलेब्स ने जमकर कमेंट किए। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, 'क्या विरासत है सर...अद्वितीय', रोनित रॉय ने लिखा, 'वाह! इस उपलब्धि की ऊंचाई को शब्दों में बयां करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। बधाई हो सर', सौरभ अहेर ने लिखा, महानायक। एक फैन ने लिखा, 'कौन बनेगा करोड़पति के 25 शानदार साल!

## लाइफ Style



# कोंकणा

## मेनस्ट्रीम हीरोइन वाला सपना कभी मेरा नहीं था

कोंकणा सेन शर्मा हमेशा से कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा की पहचान रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक था कि बातचीत के दौरान उनसे यह पूछा जाए कि क्या कभी उन्हें लगा कि करण जौहर उन्हें शाहरुख खान के साथ किसी फिल्म में कास्ट करेंगे? इस सवाल पर कोंकणा मुस्कुराईं और बेझिझक बोलीं, 'वो मेरा जोन कभी रहा ही नहीं। वैसे भी बहुत सारे लोग उस जोन में बहुत अच्छा काम करते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो मेरी ताकत है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं किसी भी तरह की कहानी के लिए तैयार हूं, बशर्ते किरदार अच्छा हो, निर्देशक अच्छा हो। लेकिन वो 'मेनस्ट्रीम हीरोइन' वाला सपना कभी मेरा नहीं था।' अपने 14 साल के बेटे को लेकर कोंकणा बताती हैं कि वो मेरी ज्यादातर फिल्में देख नहीं पाता, क्योंकि वो थोड़ी गंभीर होती हैं। अभी वो मार्वल, अवेंजर्स जैसी फिल्में देखता है। लेकिन अब मैं उसे एक इंसान के रूप में जान रही हूं। उसकी अपनी पसंद, सोच, संवेदनशीलता उभर रही है, और एक मां के लिए यह देखना बहुत ही खास अनुभव है। बेटे के एक्टिंग में आने पर कोंकणा का कहना है कि बिल्कुल अगर वो करना चाहे तो मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन हां, पहले पढ़ाई तो पूरी करनी ही होगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो 'मेट्रो इन दिनों' के बाद कोंकणा जल्द ही अपनी मां अपर्णा सेन की फिल्म 'द रेपिस्ट' में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभा रांटा के साथ एक फिल्म की है। वहीं हॉटस्टार के लिए एक वेब सीरीज 'किलिंग' भी कर रही हैं। साल 2007 में अनुराग बसु की फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' में इरफान खान और कोंकणा सेन शर्मा की जोड़ी ने ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बना ली थी। एक साधारण सी लगने वाली कहानी को दोनों ने अपनी संजीदा अदाकारी से बेहद खास बना दिया था।

## हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 ने बॉक्स ऑफिस पर बनाई पकड़

**मुंबई।** इस हफ्ते भारत में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। ऐसे में 'एफ1' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी अच्छी पकड़ बनाई है। जहां भारत में इन दिनों बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन कम हो गया है, वहीं हॉलीवुड फिल्म 'एफ 1' अच्छी कमाई कर रही है। ओपनिंग डे पर 5.5 करोड़ रुपए का कारोबार करने वाली इस फिल्म ने पहले रविवार को सबसे ज्यादा 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया। बुधवार को फिल्म का कलेक्शन 3.48 करोड़ रुपए रहा। गुरुवार को फिल्म ने अच्छा कलेक्शन करते हुए 2.51 करोड़ रुपएका कारोबार किया है।




# प्रियंका ने हॉलीवुड फिल्म में दिखाया जबरदस्त एक्शन

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग से एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा पहचान चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी नई हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट'को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म भारत में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने 4 जुलाई को अपने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका दमदार एक्शन देखने को मिला, जिसमें उन्हें एक्शन करते देखा जा रहा है। प्रियंका चोपड़ा के इस वीडियो देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक सीन में वह जोर से दरवाजे पर पैर मारती हैं जिससे वो टूट जाता है। वहीं दूसरे सीन में वह बंदूक लेकर जबरदस्त एक्शन करती दिखती हैं। शूट के दौरान थकने के बाद भी वह फिर से एनर्जी के साथ एक्टिंग करती नजर आती हैं। वहीं, आगे ऐसा लगता है कि वह सीन करते हुए थकने वाली है, लेकिन अचानक फिर से शूट करने के लिए तैयार हो जाती हैं।



# असली खुशी दूसरों को मौका देने में

**मुंबई।** पद्मश्री कैलाश खेर का मानना है कि असली खुशी दूसरों को मौका देने में है। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि 'नई उड़ान'एक खास संगीत मंच है, जिसे उन्होंने नए गायक-कलाकारों को मौका देने के लिए शुरू किया है। हर साल होने वाले इस इवेंट में देशभर से नए टैलेंट को चुना जाता है और उन्हें बड़ा मंच दिया जाता है। भारत की फिल्म इंडस्ट्री में भले ही तमाम कलाकार हों, लेकिन कोई किसी का हाथ नहीं थामता। जब कोई खुद स्थापित हो जाता है, तो दूसरों की चिंता नहीं करता। हमें लगा, यह रवैया बदलना चाहिए। हमने ठाना कि हम हर साल अपने जन्मदिन पर एक नई परंपरा निभाएंगे - केक नहीं काटेंगे, बल्कि हुनर का दीप जलाएंगे। इस मंच का मकसद है नए टैलेंट को ढूंढना, उन्हें तराशना, संवारना और भव्य रूप से लॉन्च करना।



# किसान की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** बॉलीवुड के अभिनेता सोनू सूद लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक ऐसे किसान की वीडियो वायरल हुई जिसके पास खेत जोतने के लिए बैल नहीं थे। इसलिए उस किसान ने खुद से ही खेत जोतना शुरू कर दिया। सोनू सूद ने इस किसान को बैल देने का ऐलान किया है। लातूर जिले के हडोल्टी गांव के एक किसान का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ। इस वीडियो में किसान खुद से खेत जोत रहा है। सोनू सूद ने जब यह वीडियो देखा तो उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा 'आप नंबर भेजिए हम बैल भेजते हैं।' यही नहीं एक यूजर ने कहा कि बैल की जगह पर ट्रैक्टर भेज दो। इस पर सोनू सूद ने कहा 'हमारे इस किसान को ट्रैक्टर चलाना नहीं आता, इसलिए बैल ही बढ़िया है दोस्त।'

## टीवी मसाला





# एकता ने शेयर किया 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का वीडियो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्में और टीवी सीरियल्स की मशहूर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने सुपरहिट सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का एक दिलचस्प वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता भी नजर आ रही हैं। वह एक-एक करके घर के सभी सदस्यों से गले मिलती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहत भी दिख रही है। एकता ने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, धन्यवाद- इसलिए जब हमने 1000 एपिसोड पूरे कर लिए तो मैंने एक सुपर फिल्मी एंट्री की।' एकता का टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय रहा है, खासतौर पर महिला दर्शकों के बीच इस शो की काफी चर्चा रही है। यह एक हिंदी धारावाहिक है, जो 3 जुलाई 2000 से 6 नवंबर 2008 तक स्टार प्लस पर प्रसारित हुआ था। इस शो का निर्माण शोभा कपूर और एकता कपूर ने अपने बैनर बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत किया था।

# लाफ्टर शेफ 2 में कृष्णा ने एल्विश को किया ट्रोल

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव का कंट्रोवर्सी से पुराना नाता है। इस इंफ्लुएंसर पर एक पुलिस केस भी हो चुका है। इसी केस की याद



एल्विश यादव को कृष्णा अभिषेक याद दिलाते दिखे। साथ ही इस दिक्कत से एल्विश बाहर कैसे आ सकते हैं? इस बात का समाधान पाने की कोशिश करते हुए कृष्णा नजर आए। हाल ही कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर एक प्रोमो 'लाफ्टर शेफ 2' का साझा किया गया है। इसमें कृष्णा अभिषेक एल्विश की चुटकी लेते नजर आ रहे हैं। इस स्पेशल एपिसोड में कई सारी पंडित आए हैं, इनके लिए शो के कंटेस्टेंट्स को खाना बनाना है। इसी बीच एल्विश के केस के बारे में कृष्णा, एक पंडित जी से पूछते हैं, हमारा लड़का काफी परेशान है, इसका केस कब क्लीयर होगा। आगे वीडियो में पंडित जी कहते हैं, जब इनके घर में पत्नी आएगी तो सारी दिक्कतें दूर होंगी। इस पर कृष्णा और एल्विश हंसने लगते हैं।

# काजोल-पृथ्वीराज की सरजमीं का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** 'मेरे लिए सरजमीं की सलामती से बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं।' इब्राहिम अली खान, काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर सरजमीं का ट्रेलर शुक्रवार को जारी हुआ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर की काफी चर्चा रही थी। अब एक हफ्ते बाद ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में इब्राहिम अली खान एकदम अलग और दमदार अंदाज में देखने को मिलेंगे।

ट्रेलर की शुरुआत में इब्राहिम अली खान पीछे से दिखाए जाते हैं। वो सेना की वर्दी पहने और हाथ में रिवॉल्वर लिए बर्फ पर चल रहे हैं। अचानक वो थक कर वहीं बैठ जाते हैं। इसके साथ ही एक वॉइस ओवर चल रहा है जिसमें कहा जाता है 'तुम्हें पता है कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो तब तक नहीं मिटते हैं, जब तक उनकी याद नहीं मिट जाती है।' 2 मिनट 13 सेकंड के इस ट्रेलर में भरपूर एक्शन देखने को मिलता है। ट्रेलर से पता चलता है कि इब्राहिम अली खान फिल्म में काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन के बेटे हरमन का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म एक परिवार की कहानी है। जहां एक आर्मी ऑफिसर का बेटा किन्हीं परिस्थितियों में आतंकवादी बन जाता है। पिता आर्मी में और बेटा आतंकवादी, ऐसे में मां की ममता अपने बेटे से खत्म नहीं होती। फिल्म का प्लॉट काफी घिसा-पिटा मालूम होता है। ट्रेलर में पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान के बीच जबरदस्त फेस ऑफ देखने को मिला है। जिससे उम्मीद है कि फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। फिल्म के लिए इब्राहिम ने अपने फिजिक पर काफी मेहनत की है, जो उनके लुक में दिखता है। ट्रेलर में इब्राहिम के दो लुक सामने आए हैं, एक शेव्ड और एक बियर्ड वाला। ट्रेलर में काजोल एक बेटे की ममता में डूबी मां के किरदार में हैं।

# दर्शकों को पसंद आई अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों



**मुंबई।** अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल है। क्योंकि, साल 2007 में आई 'लाइफ इन अ मेट्रो' आज भी दर्शकों को पसंद है और वो लंबे समय से एक ऐसी ही फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब 18 साल बाद अंततः अनुराग बसु फिर अपनी अगली मेट्रो लेकर आए हैं 'मेट्रो इन दिनों'। फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिल रही है। अनुराग बसु की फिल्मों को लेकर ऐसा माना जाता है कि वो आम लोगों की कहानी को बताते हैं। क्रिटिक्स तो 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर भी ऐसा ही बता रही है। एक यूजर ने लिखा, 'एक दिल को छू लेने वाला सिनेमाई अनुभव। एक ऐसी फिल्म जो आपके साथ रहती है। खासकर शहरी दर्शक, गहराई से जुड़ेंगे।' एक अन्य यूजर ने फिल्म के संगीत की तारीफ करते हुए लिखा, 'हिंदी सिनेमा में संगीत को कथा में शामिल करने में अनुराग बसु से बेहतर कोई नहीं है।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'मेट्रो...इन दिनों एक दिल को छू लेने वाली और बेहतरीन तरीके से शूट की गई फिल्म है। प्रीतम का म्यूजिक वाकई अच्छा है और फिल्म में एक अच्छा एहसास जोड़ता है। अभिनय हर तरफ से दमदार है। कुछ हिस्से धीमे हैं, लेकिन कुल मिलाकर, यह एक खूबसूरत फिल्म है।'एक यूजर ने फिल्म को इमोशंस से भरी यात्रा बताते हुए मेट्रो इन दिनों की तारीफ की। साथ ही यूजर ने फिल्म को साढ़े तीन स्टार भी दिए। फिल्म को लेकर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने फिल्म को औसत बताया। यूजर ने कहा कि फिल्म में कुछ भी अलग या खास नहीं है।

## सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को दी नई दिशा

# एडवोकेट जनरल का बेटा बना सिनेमा की दुनिया का बादशाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जिंदगी में कभी-कभी ऐसे पल आते हैं जो हमें तोड़कर रख देते हैं और सपनों को राख में बदल देते हैं। लेकिन, वही राख कुछ लोगों के लिए उड़ने के नए पंख बन जाती है। बी. एन. सरकार की कहानी कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल है। वह सिर्फ एक फिल्म निर्माता नहीं थे, बल्कि सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को नई दिशा दी। साल 1940 में एक आग ने उनका पूरा न्यू थिएटर्स स्टूडियो, रिकॉर्डिंग्स और वर्षों की मेहनत को जला दिया। ऐसे समय में अगर कोई आम इंसान होता तो शायद टूट जाता, लेकिन बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने उस राख से फिर अपने सपनों को जिंदा किया, नए कलाकारों को मंच दिया और भारतीय सिनेमा को फिर से ऊंचाइयों तक पहुंचाया। बी. एन. सरकार का पूरा नाम बीरेंद्रनाथ सरकार था। उनका जन्म 5 जुलाई 1901 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। उनके पिता, सर निरेंद्रनाथ सरकार, बंगाल के पहले एडवोकेट जनरल थे, उनके परदादा पीरी चरण सरकार ने अंग्रेजी भाषा की पहली भारतीय टेक्स्टबुक लिखी थी।



### टिकट के लिए लंबी लाइन देख आया बिजनेस का आइडिया

बी. एन. सरकार ने कोलकाता के प्रसिद्ध हिंदू स्कूल से पढ़ाई करने के बाद लंदन यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. विदेश से लौटने के बाद उन्होंने कोलकाता में बतौर इंजीनियर कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन वह अपना बिजनेस करना चाहते थे। एक दिन उन्होंने सिनेमा हॉल के बाहर टिकट के लिए लंबी लाइन देखी तो उन्होंने इसे अपने व्यवसाय के तौर पर शुरू करने का फैसला लिया, जहां लोग बिना देखे ही टिकट खरीदने को तैयार थे। यहीं से उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखा।

### सुभाष चंद्र बोस ने लॉन्च किया था सिनेमा हॉल

उन्होंने पहले चित्रा सिनेमा हॉल का निर्माण कराया, जिसका उद्घाटन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। इसके बाद 1931 में उन्होंने न्यू थिएटर्स की स्थापना की, जो आने वाले दशकों में भारतीय सिनेमा की ताकत बना। शुरुआती कुछ फिल्में असफल रहीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। देवदास, चंडीदास और भाग्य चक्र जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें सिनेमा की दुनिया का बादशाह बना दिया। उन्होंने केवल फिल्में नहीं बनाईं, बल्कि तकनीक, कला और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम का आंदोलन खड़ा किया।

### फुटबॉल मैच देखते हुए मिली थी बुरी न्यूज

बी. एन. सरकार का न्यू थिएटर्स तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक योगदान और रचनात्मकता के तौर पर शिखर पर था, लेकिन 9 अगस्त 1940 को एक भीषण आग ने सबकुछ स्वाहा कर दिया। बी. एन. सरकार की इस सपनों की फैक्ट्री को राख में बदल दिया। जिस वक्त आग लगी, उस समय वे मोहन बागान और आर्यन क्लब के बीच फुटबॉल मैच देख रहे थे।इस दौरान किसी ने आकर उनके कान में स्टूडियो में आग लगने की खबर सुनाई। खबर सुनते ही वे तुरंत स्टूडियो की ओर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पूरा प्रोडक्शन जलकर खाक हो चुका था। दशकों की मेहनत तबाह हो चुकी थी।

### स्वाहा हुआ सपना, फिर भी नहीं मानी हार

इस भयानक क्षति के बाद भी बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने दोबारा स्टूडियो खड़ा किया, युवा प्रतिभाओं को मौका दिया और बिमल रॉय जैसे उभरते कलाकारों को मंच प्रदान किया। 1944 में उदयेर पथे जैसी संवेदनशील और क्रांतिकारी फिल्म से उन्होंने एक नई शुरुआत की। वह 1951 में फिल्म इंक्वायरी कमेटी के सदस्य बने, जिसकी सिफारिशों से फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) का गठन हुआ। 28 नवंबर 1980 को उन्होंने अंतिम सांस ली।

## खबर संक्षेप

### कुश्ती में न्यू टैगोर स्कूल खेवड़ा के छात्र ने बाजी मारी

**राई।** न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेवड़ा के नौवीं कक्षा के छात्र नमन ने हरियाणा स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता 7 और 8 जून को हिसार में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में नमन ने अंडर-15 श्रेणी में हरियाणा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए हरियाणा कुश्ती संघ द्वारा पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय के संचालक सुरेश कुमार ने नमन को 1100 की नकद राशिऔर फूल-माला देकर सम्मानित किया।

### खरीफ की फसलों का पोर्टल पर पंजीकरण करें

**खरखौदा।** खंड कृषि अधिकारी डा. रविंद्र दहिया ने किसानों से खरीफ सीजन में बोई गई फसलों का मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस पंजीकरण से किसानों को 'मेरा पानी मेरी विरासत', 'प्राकृतिक खेती', 'पराली प्रबंधन' सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। धान की सीधी बिजाई योजना के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गई है।

### पैक्स की बैठक में दी सेल्समैन को पदोन्नति

**खरखौदा।** दी खरखौदा प्राथमिक कृषि सहकारी कार्यालय में समिति की बैठक उप प्रधान भूप सिंह की अध्यक्षता में की गई। जिसमें आपसी विचार विमर्श कर फैसला लिया गया कि कार्यवाही रजिस्टर में लिखने का अधिकार केवल पैक्स प्रबंधक रमेश चंद्र को होगा। पैक्स की लाभ हानि, व्यापार खाता ,बैलेंस शीट पर विचार विमर्श करने पर निर्णय लिया गया कि पैक्स में नुकसान बढ़ता जा रहा है। इसलिए नुकसान को कम करने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए। पैक्स के 1 अप्रैल से 30 जून तक खर्च की गई राशि को पास किया गया।

### प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**गन्नौर।** प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता उपप्रधानाचार्या दीपमाला की देखरेख में हुई। हिंदी विभाग के निर्देशन में संपन्न इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों एलीट, हारिजन, पायनियर और टाइटन के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हारिजन सदन की कशिश, यशिका त्यागी, अवनी जैन व दिया ने प्रथम स्थान पाया।

### एग्रीकल्चर फीडर की बिजली सप्लाई में बदलाव की मांग

**गोहाना।** रात को गहरी नींद से उठकर फसल में पानी लगाने जाना पड़ता है। ऐसे में किसानों को भारी परेशानी हो रही है। छिछड़ाना के ग्रामीणों ने उत्तर हरियाणा बिजली निगम से एग्रीकल्चर फीडर की बिजली सप्लाई में बदलाव की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली निगम किसानों के बारे में भी सोचे कि वे रात को खेत में पानी कैसे देते होंगे। छिछड़ाना निवासी भाकियू की कथूरा खंड इकाई के अध्यक्ष कृष्ण ने कहा कि पहले उनके गांव में एग्रीकल्चर फीडर की बिजली सप्लाई प्रातः 7 बजे से सायं 3 बजे तक दी जाती थी। अब निगम द्वारा बिजली सप्लाई के समय में बदलाव किया गया है।

# सीएम के मुख्य प्रधान सचिव ने बागवानी मंडी के निर्माण कार्यों का लिया जायजा


गन्नौर। अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी के निर्माण कार्यों का जायजा लेते मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर। फोटो:हरिभूमि

## चौदह को सीएम के संभावित दौरे को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मुख्यमंत्री नायब सैनी के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने शुक्रवार को गन्नौर स्थित अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी में पहुंच कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। मंडी परिसर पहुंचने पर उपायुक्त सुशील सारवान और एसडीएम प्रवेश कादियान ने उनका बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर तहसीलदार ललिता, बीडीपीओ राजेश टिवाना, नायब तहसीलदार गजे सिंह, बागवानी विभाग के एक्सईएन सुभाष सिंह, एसडीओ विशाल, मार्किट कमेटी सचिव जगबीर सिंह सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य प्रधान सचिव ने मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस मंडी को किसानों और व्यापारियों की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक सुविधाओं से सुसस्जित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

**विकास कार्य किए तेज उपायुक्त**

उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के लिए मंडी के विकास कार्यों को तेज किया गया है। सभी विभागों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं और मौके पर लगातार निगरानी की जा रही है।

**अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

मुख्य प्रधान सचिव ने मंडी परिसर में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इसमें 14 जुलाई को प्रस्तावित मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दौरे को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाए ताकि निरीक्षण के दौरान कोई कमी न रहे।

## जल संरक्षण में हर व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी जरूरी

# जल संरक्षण के लिए आपसी तालमेल के साथ करें कार्य

## जिलेभर में वर्षा जल संचय को लेकर आमजन को जागरूक करें

जल शक्ति अभियान जिला की सैंटरल नोडिल ऑफिसर एस रूकमनी ने जल शक्ति अभियान के तहत अधिकारियों के साथ की बैठक



सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करती संयुक्त सचिव। फोटो:हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त निदेशक एवं जल शक्ति अभियान जिला सोनीपत की सैंटरल नोडिल ऑफिसर एस रूकमनी ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। यमुना घाट का दौरा करने के बाद बैठक में जल शक्ति अभियान से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए जल शक्ति अभियान के अंतर्गत दी गई जिम्मेदारियों को समयबद्घ पूरा करें। जिलेभर में वर्षा जल संचय को लेकर आमजन को जागरूक करें, क्योंकि जल संरक्षण में हर व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। ऐसे में कैच दा रेन थीम के तहत जल संचय के लिए प्लान तैयार करें और उस पर गंभीरता के साथ काम करें। बैठक में उन्होंने जल संरक्षण से सीधे तौर से जुड़े विभागों जैसे सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, बागवानी विभाग आदि से उनके द्वारा जल शक्ति अभियान के तहत बनाई गई कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पानी का अधिक दोहन होने के कारण भू-जल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। बारिश के पानी के संचय के लिए प्राचीन संसाधनों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ नए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएं और आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए। वर्षा का जल संचय जल संरक्षण के लिए अहम है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को मेरी फसल मेरा पानी योजना के अंतर्गत धान की बजाए अन्य फसल उगाने के प्रति प्रेरित करें, क्योंकि धान की फसल में अधिक पानी खर्च होता है। इसके साथ ही जो किसान धान की फसल को नहीं छोडऩा चाहते, उन्हें डीएसआर विधि से धान लगाने के प्रति प्रोत्साहित करें और सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान के बारे में भी बताए।

**ये रहे मौजूद**

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, सीईओ जिला परिषद अभय सिंह जांगड़ा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई राजीव गुप्ता, एक्सईएन गौतम कुमार, पीडब्ल्यूडी विभाग से एक्सईएन पंकज गौड व प्रशांत कौशिक, सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा, सीडीपीओ गीता गहलावत सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# हलके का विकास प्राथमिकता: पवन

## विधायक पहुंचे नपा वाइस चेयरमैन के कमरे का उद्घाटन करने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


खरखौदा। वाइस चेयरमैन के कमरे का उद्घाटन करते पूर्व चेयरमैन राम कुंवार सैनी।

विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि खरखौदा क्षेत्र के विकास के लिए वह तत्पर हैं। नगरपालिका में अपने उद्बोधन में कन्या कालेज को सरकारी कालेज का दर्जा दिए जाने पर सीएम का पुनः आभार जताया। उन्होंने कहा कि हलके की बहुत पुरानी मांग पूरी हुई है। विधायक ने कहा कि शहर की सरकारी जमीन को बचाने के साथ ही पानी निकासी पर उनका ध्यान है।

इसमें किसी भी स्तर पर चूक नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर एक पार्षद द्वारा उसके वार्ड में स्ट्रीट लाइट न लगाने, स्लैब न रखें जाने की शिकायत की, तो दूसरे ने उसके वार्ड में गलियों का निर्माण न होने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व नपा चेयरमैन रामनिवास द्वारा नपा कार्यालय में लगे बोर्ड पर उनका नाम न होने पर एतराज जताया, जिस पर विधायक ने नपा सचिव को नई प्लेट बनवाने के आदेश दिए। शुक्रवार को विधायक पवन खरखौदा नपा वाइस चेयरमैन मुकेश सैनी के कमरे का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने पूर्व चेयरमैन रामकुमार सैनी से रिबन कटवाकर उद्घाटन कराया। उन्होंने जिम्मेदारी के साथ शहर के विकास कार्यों को अंजाम देने की बात कही।


सोनीपत। पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो:हरिभूमि

### बॉक्सिंग में जीते तीन पदक

**सोनीपत।** तेलंगाना, हैदराबाद के सरूरनगर इनडोर स्टेडियम में 28 जून 2025 से 1 जुलाई 2025 तक एलीट वुमेन बॉक्सिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी कि गर्ल्स बॉक्सरों ने भाग लिया व 3 पदक अपने नाम किए। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सभी राज्यों से 150 से अधिक महिलाओं बॉक्सरों ने भाग लिया। जिसमें +80 किलो भारवर्ग में खेलते हुए रितिका दहिया ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले रेलवे की नेहा को हराया व फाइनल मुकाबले में बीएसएफ की शिवानी तोमर को हराकर स्वर्ण पदक, +80 किलो भारवर्ग में ही खेलते हुए शिवानी तोमर ने अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र की कंचन को हराकर रजत पदक व 57 किलो भारवर्ग में खेलते हुए विशु राठी ने अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में दिल्ली की भूमिका शर्मा को हराकर कांस्य पदक जीतकर अपने ज़िले व एकेडमी का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने रितिका दहिया, शिवानी तोमर व विशु राठी को बधाई दी व भविष्य में बेहतर खेल के लिए प्रेरित किया।

### एशियन चैंपियनशिप में डॉ. संजीत कुश्ती कोच नियुक्त

**गोहाना।** किर्गिस्तान में 5 से 8 जुलाई तक अंडर-15 एशियन चैंपियनशिप आयोजित होगी। बली गांव स्थित योगेश्वर दत्त कुश्ती अकादमी में कुश्ती कोच एवं महिला विवि के खेल प्रभारी डॉ. संजीत मलिक को इस चैंपियनशिप में फ्री स्टाइल कुश्ती कोच नियुक्त किया है। चैंपियनशिप में भारतीय अंडर-15 फ्री स्टाइल व ग्रीको रोमन महिला टीम भाग लेगी। भैंसवाल कलां निवासी डॉ. संजीत ने कहा कि उनके चाचा बलराज पहलवान उनके प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। उन्हीं से प्रेरणा लेकर उन्होंने कुश्ती खेलना शुरू किया। खेल में अंतरराष्ट्रीय सत्र पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ भारतीय टीम के साथ एक कोच की भूमिका में भी संजीत मलिक का लंबा सफर रहा है। डॉ. मलिक ने कहा कि भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुश्ती टीम भी अंतरराष्ट्रीय सत्र पर अपना लोहा मनवा रही है। उनका सपना है कि कुश्ती विश्व पटल पर सबसे लोकप्रिय खेल बने। वह सुबह-सायं योगेश्वर दत्त कुश्ती एकेडमी में निशुल्क सेवा दे रहे हैं। डॉ. संजीत को भारतीय टीम का कोच नियुक्त होने पर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने बधाई दी।

# कर्मचारियों ने एकजुट होकर हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


खरखौदा। आशा वर्कर्स को संबोधित करते सुनीता। फोटो:हरिभूमि

सीटू से संबंधित यूनियनों की जनरल बाडी की मीटिंग शुक्रवार को खरखौदा के सरकारी अस्पताल परिसर में आयोजित हुई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता आशा वर्कर यूनियन की ब्लाक प्रधान रेखा ने किया। मीटिंग में 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर रणनीति बनाई गई। सीटू प्रधान सुनीता ने केंद्र और राज्य सरकार पर मजदूर विरोधी नीतियां लागू करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार में पूंजीपतियों के हित में काम कर रही हैं। हड़ताल की प्रमुख मांगों में मजदूर विरोधी लेबर कोड रद्द करना, 26 हजार न्यूनतम वेतन, ठेका प्रथा समाप्ति, मनरेगा में 200 दिन काम और आठ सौ रुपये दिहाड़ी, पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली और सामाजिक सुरक्षा कानून लागू करना शामिल है। कर्मचारियों ने एकजुट होकर हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया।

# खरखौदा: सांग में सुनाया पूरणमल का किस्सा

- पंडित विष्णु दत्त शर्मा ने रागनियों से पूरणमल का किस्सा सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


खरखौदा। सांग में पूरणमल का किस्सा सुनाते पंडित विष्णु दत्त शर्मा।

छपडेश्वर धाम में चल रहे सांग के दौरान शुक्रवार को पंडित विष्णु दत्त शर्मा ने रागनियों के माध्यम से पूरणमल का किस्सा सुनाया। पंडित विष्णु दत्त शर्मा ने किस्सा सुनाते हुए बताया कि पंजाब राज्य के सियालकोट में राजा सुलेमान राज किया करते थे। उनकी रानी का नाम इच्छरादेह था।

कोई संतान न होने की वजह से राजा ने इच्छरादेह की बहन नूनादेह से विवाह कर लिया। लेकिन दूसरे विवाह के बाद भी राजा को कोई संतान की प्राप्ति नहीं हुई। एक दिन राजा के बाग में गुरु गोरखनाथ अपने शिष्यों के साथ आ जाते है। राजा को गुरु गोरखनाथ के आने की सूचना प्राप्त हुई तो वह अपनी दोनों रानियों के साथ बाग़ में पहुंचे। गुरु गोरखनाथ ने राजा को आशीर्वाद दिया कि उसकी पहली पत्नी से एक पुत्र की प्राप्ति होगी। जिसका नाम पूरणमल रखना है । उन्होंने राजा को चेतावनी भी दी कि पूरणमल को भोरे में बंद रखना, क्योंकि वह इतना तेजस्वी व सुंदर होगा जिसे देखकर इंद्र की अप्सराएं भी उसको उठा कर ले जा सकती हैं। पूरणमल के पैदा होने के बाद राजा ने उसे 12 वर्ष तक भोरे में ही उसका लालन-पालन किया। जब पूरणमल के लिए रिश्ते आने लगे तो उसने शादी से इनकार कर दिया। राजा ने पूरणमल को कहा कि वह अपनी छोटी मां (मौसी) के पास जाकर आशीर्वाद ले । जब वह अपनी मौसी के पास पहुंचा तो उसकी मौसी पूरणमल के रूप को देखकर आसक्त हो जाती है। तब पूरणमल अपनी मौसी को समझाता है कि वह उसका पुत्र है। लेकिन जब उसकी मौसी नहीं मानती तो वह अपनी मौसी से पीछा छुड़ाकर अपनी माता के पास आ जाता है। इसके बाद पूरणमल की मौसी ने राजा से शिकायत की कि पूरणमल ने उसके साथ बेअदबी की है। राजा ने पूरणमल को बुलाकर भरे दरबार में कहा कि उसने अपनी मौसी के साथ बेअदबी की है। इसलिए उसे मौत की सजा दी जाती है।

# बारी-बारी से हर समस्या का होगा स्थाई समाधान : प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। लोगों की समस्याएं सुनते भाजपा पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान।

भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने कहा कि बरोदा हलका क्षेत्र के लोग अपनी समस्याएं बताएं। वह सरकार तक क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को पहुंचाएंगे और बारी-बारी से हर समस्या का समाधान करवाया जाएगा। समस्या के निदान में चाहे थोड़ा वक्त लग जाए लेकिन समाधान स्थाई होगा। पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान शुक्रवार को गोहाना में जींद मोड पर स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान गांव पूठी निवासी बलबीर अटकान ने कहा कि उनके गांव में धानक चौपाल का पुनः निर्माण किया जाए। गांव शामडी निवासी रमेश कालन ने सिंचाई विभाग में सीजन की अस्थाई नौकरी की मांग की। गांव नूरनखेड़ा निवासी पंच विकास ने गांव से जनता स्कूल तक भूमिगत पेयजल पाइप लाइन दबाने की मांग की। प्रदीप सांगवान ने समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से बात की। इस मौके पर उनके साथ डॉ. राममेहर राठी आदि मौजूद रहे।

**धर्मकर्म** महर्षि वेदव्यास के योगदान को समर्पित पर्व, विजय व ब्रह्म मुहूर्त में होगी विशेष पूजा

# गुरु पूर्णिमा 10 को : वेदव्यास की जयंती पर गुरुजनों को किया जाएगा नमन: मनमोहन मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

### महर्षि वेदव्यास ने चार वेदों का संकलन किया व अठारह पुराणों की रचना भी की थी



गुरु-शिष्य परंपरा की महानता और गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने वाला पर्व गुरु पूर्णिमा इस वर्ष 10 जुलाई गुरुवार को मनाया जाएगा। यह पर्व हर वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है और इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है, क्योंकि इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महर्षि वेदव्यास ने चारों वेदों का संकलन किया था और अठारह पुराणों की रचना भी की थी। उनके इस अद्वितीय योगदान के कारण यह दिन गुरुओं को समर्पित माना जाता है।

आचार्य मनमोहन मिश्रा के अनुसार, गुरु पूर्णिमा की तिथि 10 जुलाई को रात 01:36 बजे शुरू होकर 11 जुलाई को रात 02:06 बजे तक रहेगी। उदय तिथि के अनुसार यह पर्व 10 जुलाई को ही मनाया जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा की जाती है और शास्त्रों के अनुसार, गुरु को ईश्वर से भी ऊपर स्थान दिया गया है। इस मौके पर मंदिरों और आश्रमों में विशेष पूजा-अर्चना, गुरु पूजन व प्रवचनों का आयोजन किया जाएगा। यह पर्व गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करने, उनके मार्गदर्शन और ज्ञान के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर होता है। विद्यालयों, संस्थानों और धार्मिक स्थलों पर इस दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**विशेष मुहूर्त इस प्रकार रहेंगे**

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त: | सुबह 04:10 बजे से 04:50 बजे तक |
| विजय मुहूर्त: | दोपहर 02:45 बजे से 03:40 बजे तक |
| गोधूलि मुहूर्त: | शाम 07:21 बजे से 07:41 बजे तक |
| निशिता काल | मुहूर्त: रात 12:06 बजे से 12:47 बजे तक |

# सर्वर डाउन से बढ़ रही मरीजों की परेशानी, अस्पतालकर्मी भी परेशान

## एक्सरे विभाग ने दो दिन के लिए मांगी पोर्टेबल मशीन, आवेदकों के करने हैं एक्सरे

- करीब 20 दिन से नागरिक अस्पताल का सर्वर चल रहा है डाउन, रविवार को साढ़े दस बजे हो गया था बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



नागरिक अस्पताल में सर्वर डाउन होने से मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को भारी परेशानी हो रही है। एक्स-रे विभाग ने टीबी विभाग से दो दिन के लिए पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की मांग की है ताकि जरूरी मेडिकल प्रक्रिया पूरी की जा सके, खासकर 700 युवाओं के मेडिकल परीक्षण के लिए। हालांकि, इस मशीन का उपयोग टीबी जांच शिविरों में भी किया जाता है, इसलिए दो दिनों तक टीबी जांच शिविर बाधित रहेंगे।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में दो सौ बेड की सुविधा उपलब्ध है। मौजूदा समय में अस्पताल में मरीजों की संख्या ढाई हजार के करीब पहुंच रही है। जिसके चलते अस्पताल में मरीजों की सहूलियत के लिए ऑनलाइन प्रणाली स्थापित की गई थी। अस्पताल में उपचार करवाने वाले मरीज को रजिस्ट्रेशन काउंटर से नंबर मिलने के बाद उसी आईडी पर ही आगामी उपचार की रूपरेखा तैयार होती है। चिकित्सक से मिले परामर्श के बाद उसे लैब में सैंपल देने व उनकी रिपोर्ट लेने के लिए उसी आईडी नंबर का इस्तेमाल होता है। जो मरीज को रजिस्ट्रेशन काउंटर से मिला था। करीब 20 दिनों से बार-बार सर्वर डाउन होने की समस्या कर्मचारियों के साथ उपचार के लिए आने वाले मरीजों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है।

### कर्मचारियों को मिली राहत

गत रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे सर्वर बंद हो गया। तब से कर्मचारियों मरीजों की सुविधा के लिए मैनुअल कार्य करने के निर्देश प्रबंधन की तरफ से मिले। रजिस्ट्रेशन काउंटर, ओपीडी में चिकित्सक, लैब सैंपल व रिपोर्ट सहित एक्सरे विभाग में मैनुअल कार्य मंगलवार को शुरू हुआ, लेकिन एक्सरे विभाग में मशीन में आई कमी के चलते मरीजों की लाइन लगी रहती है। शुक्रवार को एक्सरे विभाग में पोर्टेबल मशीन को लाया गया है। जिससे कुछ राहत कर्मचारियों को मिली है। शुक्रवार को करीब दो सौ एक्सरे विभाग में पोर्टल मशीन से किए गए है।

### अगले सप्ताह में बैटरियां करवा दी जाएंगी उपलब्ध

"बैटरी की खरीद की प्रक्रिया जारी है और अगले हफ्ते में नागरिक अस्पताल में बैटरियां उपलब्ध करवा दी जाएंगी। अस्पताल प्रशासन मरीजों की सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। सोमवार तक स्थित ठीक होने की आशंका जताई जा रही है।

**-डा. संदीप लठवाल,** मीडिया नोडल अधिकारी नागरिक अस्पताल

### समस्या के कारण और प्रभाव

- सर्वर डाउन होने से पंजीकरण, जांच रिपोर्ट और दवा वितरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो गए हैं।
- मरीजों को पर्ची कटवाने, जांच कराने और रिपोर्ट लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।
- अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं और आमजन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

### पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का महत्व

- यह मशीन टीबी मरीजों की पहचान में मदद कर सकती है, जैसा कि विभाग द्वारा 12 मशीनों का इंतजाम करने की योजना से पता चलता है।
- हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन कैमरे के साइज की पोर्टेबल मशीन है जो आसानी से फील्ड में ले जाकर मरीजों का एक्स-रे कर सकती है।

## खबर संक्षेप



### पीएनबी की मुख्य शाखा में लगी आग

**सोनीपत।** शहर के सोनीपत-गोहाना रोड पर हिंदू कॉलेज के साथ स्थित पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा में शार्ट सर्किट के चलते आग गई। शाखा में कर्मचारी मौजूद होने के चलते मौके पर दमकल विभाग को अवगत करवाया। दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। जहां आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि आग ने विकराल रूप धारण नहीं किया। जानकारी मिली है कि बुजुर्ग पेंशन के रखे कागजों व मेज सहित शीशे आग की भेंट चढ़ गए। शाखा प्रबंधक नेपाल ने बताया कि अल सुबह करीब साढ़े तीन बजे शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। कर्मचारी मौजूद थे, आग माइनर थी। दमकल विभाग सूचना करने के बाद गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थी। लकड़ी व कुछ कागजात जले है। अन्य रिकार्ड व जरूरी कागजात सब ठीक है।



सोनीपत। पौधारोपण करते हुए फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं अन्य।

### पौधरोपण अभियान के चलाते हुए 10 पौधे लगाए

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा विश्वकर्मा पार्क व पानी की टंकी में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार 10 पौधे लगाए। इस दौरान सभी से निवेदन किया कि अभी बारिश के मौसम में सभी अधिक से अधिक पौधे लगाए और जब तक वह पेड़ नहीं बन जाते उनकी देखभाल करें ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। पेड़ो के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं। इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, संदीप वत्स, रविंद्र हुड्डा, दयानंद, होशियारी, सुनीता आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। विधायक के पीए कुलदीप वत्स को ज्ञापन देते हुए।

# विधायक की अनुपस्थिति में पीए को सौंपा ज्ञापन

- 16 जुलाई को हड़ताल की चेतावनी
- सरकारी कर्मचारी का दर्जा और 26,000 वेतन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी, हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन व अन्य कच्चे कर्मचारियों ने शुक्रवार को सेक्टर 15 स्थित एचएसवीपी कार्यालय से सेक्टर 14 में विधायक निखिल मदान के कार्यालय तक रोष जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन विधायक की गैरमौजूदगी में उनके पीए कुलदीप वत्स और सुरेश भारद्वाज को सौंपा। साथ ही 16 जुलाई को सेक्टरों की वाटर सप्लाई व सीवरेज व्यवस्था ठप कर हड़ताल की चेतावनी दी।

धरने का नेतृत्व मंच के प्रदेश महासचिव आरके नागर, यूनियन प्रधान सुरेश रोहिला व बिजेंद्र रिवाल, कौशल रोजगार निगम के राज्य प्रधान महावीर नागर व महासचिव टीनू मदान ने किया। उन्होंने बताया कि निगम कर्मियों की कार्य स्वीकृति 30 जून 2025 को समाप्त हो चुकी है, जिससे पहले भी महीनों तक वेतन रुका रहा। अब फिर वही संकट है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से 1 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक की स्वीकृति देने, जॉब सुरक्षा, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, पहचान पत्र, मिड-डे मील वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा और 26,000 वेतन देने की मांग की। आरके नागर ने चेतावनी दी कि 15 जुलाई तक मांगें नहीं मानी गईं तो 16 जुलाई से हड़ताल होगी और इसकी जिम्मेदारी सरकार व संबंधित अधिकारी की होगी।

### ये हुए शामिल

प्रदर्शन में ध्रुव कुमार, सुरेंद्र रंगा, राजकुमार, सुनील चौहान, शमशेर सिंह, योग प्रकाश नागर, विनोद कुमार सहित अनेक कर्मचारी शामिल रहे।

# जिलास्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में श्रीजी स्कूल के 8 छात्र राज्य स्तर के लिए चयनित



**सोनीपत।** श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल ने जिलास्तरीय खेल महाकुंभ तीरंदाजी प्रतियोगिता की मेजबानी की, जिसके अंतर्गत 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। श्रीजी विद्यालय के 8 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया और सभी ने राज्य स्तर के लिए चयन हासिल किया। यह विद्यालय और छात्रों के लिए गर्व का क्षण रहा। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर चेयरमैन ने चयनित प्रतिभागियों व कोच को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे छात्र राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## पहली ही बारिश में खुली पानी निकासी के दावो की पोल : पंवार



**सोनीपत।** सोनीपत के पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शुक्रवार शाम को हुई बारिश ने पानी निकासी के दावों की पोल खोल दी। गली-मोहल्लों से लेकर कॉलोनियों और शहर के पॉश इलाकों तक कई-कई फीट तक पानी भर गया, जिससे सड़कें तालाब का रूप लेती नजर आईं। प्रशासन और भाजपा के दावे पूरी तरह फेल साबित हुए। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सरकार को समय रहते अधिकारियों को सख्त निर्देश देने चाहिए थे, ताकि पानी निकासी की व्यवस्था बेहतर हो पाती।

उन्होंने कहा कि आज कार्य केवल भाषणों तक सीमित रह गया है, जबकि जनप्रतिनिधियों को धरातल पर कार्य करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भी इसी तरह की लापरवाही सामने आई, तो कांग्रेस पार्टी सख्त कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगी।

# ओपन डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग टूर्नामेंट में तैराकों ने लहराया परचम

- स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 11 स्वर्ण,13 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 27 पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



एक निजी यूनिवर्सिटी में आयोजित ओपन डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग टूर्नामेंट में स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सम्मिलित स्कूल के 5 छात्रों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया और 11 स्वर्ण,13 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 27 पदक जीते। शिवांशी ने 6 स्वर्ण एवं दो रजत के साथ कुल आठ पदक जीते। श्रुति को तीन स्वर्ण एवं तीन रजत समेत कुल 6 पदक प्राप्त हुए। आद्विक गुप्ता को एक रजत एवं तीन कांस्य सहित कुल चार पदक मिले। आयुष अंतिल को दो स्वर्ण एवं तीन रजत समेत कुल पाँच पदक प्राप्त हुए। जबकि वंशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार रजत पदकों को अपनी झोली में डाला। प्रधानाचार्य रोहित पंडा ने बताया कि सभी विजेता प्रतिभागी बहादुरगढ़ में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय तैराकी चैम्पियनशिप में सोनीपत जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के मुख्याध्यापक एस. पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक आदि शिक्षक मौजूद थे।

# समिति के स्थापना दिवस पर की सफाई



**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति खन्दराई ने शुक्रवार को अपने स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के तहत समिति के सदस्यों ने गांव में दूषित पाने के नाले और नालियों की सफाई की। नेतृत्व समिति के अध्यक्ष जगमहेंद्र खन्दराई ने किया।

ग्राम सुधार समिति पिछले कई सालों से समाज के उत्थान की दिशा में काम कर रही है। समिति द्वारा समय-समय पर गांव में सफाई, पर्यावरण जागरूकता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व अन्य कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को जागरूक करने का काम किया जाता है। शुक्रवार को समिति के चौथे स्थापना दिवस पर समिति की टीम ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया।

**इन्होंने दी सेवा :** अभियान में समिति के संस्थापक अध्यक्ष जगमहेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप मेहरा, को-ऑपरेटिव बैंक से सेवानिवृत्त निरीक्षक प्रताप सिंह, बिट्टू कश्यप, संदीप मेहरा, चांद सिंह बमहनिया, मनोज कुमार, मुकेश बंसल, कृष्ण कुमार व सतीश कुमार ने अपनी सेवाएं दी।

# 15 को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव

**गोहाना।** 24 सूत्रीय मांगपत्र पूरा करने से आक्रोशित कर्मचारी 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। शुक्रवार को हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की गोहाना जनस्वास्थ्य शाखा से जुड़े कर्मचारियों ने बैठक करके घेराव को लेकर रणनीति तैयार की और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

यूनियन की बैठक गोहाना में शाखा कार्यालय में आयोजित हुई। अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष जय भगवान गहलावत ने की। संचालन शाखा सचिव व राज्य प्रैस सचिव अनिल ने किया। अनिल मलिक ने कहा कि यूनियन की राज्य इकाई द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को 24 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा था। इसमें एचकेआरएन कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देना, केंद्र के समान वेतन व भत्ते लागू करने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, केंद्र के समान सेवानिवृति आयु लागू करने, तकनीकी पदों पद 2400 रुपए ग्रेड पे देना व ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर 30 लाख रुपए का मुआवजा देने सहित अन्य मांगें शामिल थीं। मुख्यमंत्री ने इस विषय में बातचीत को लेकर कर्मचारियों को बातचीत का समय तक नहीं दिया। मुख्यमंत्री यूनियन को बातचीत के लिए समय दें अन्यथा 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र में उनके आवास का घेराव किया जाएगा।




हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


## विद्यार्थियों के पास चार दिन का समय

# आईटीआई में पहले दिन 106 दाखिले हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। सोनीपत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जिले भर की 12 आईटीआई में एक दिन पहले ही पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। शुक्रवार से आईटीआई में विद्यार्थियों ने दाखिला प्रक्रिया में हिस्सा लेते हुए अपने दाखिले करवाए। अपने कागजात सत्यापित करवाने के बाद दाखिला फीस जमा करवाकर दाखिला सुनिश्चित किया।

सोनीपत आईटीआई में प्रथम दिन 106 विद्यार्थियों ने अपना दाखिला करवाया। विद्यार्थियों को आईटीआई में दाखिला लेने व दस्तावेज सत्यापन के लिए 8 जुलाई तक का समय दिया गया है। सभी आईटीआई में चार दिन दाखिला प्रक्रिया के बाद 9 जुलाई को शेष सीटों पर सूची तैयार की जाएगी। पोर्टल ओपन करने के बाद 11 जुलाई दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी। बता दें कि जिला के 12 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 4536 सीटों के लिए 8806 युवाओं के आवेदन मिलने के बाद दाखिला प्रकिया शुरू की गई। सोनीपत के राठधना रोड स्थित आईटीआई के वर्ष 2025-26 सत्र में 48 ट्रेड में दाखिले के लिए 1044 सीट व दूसरे वर्ष के प्रवेश के लिए 516 सीटों सहित कुल 1560 सीटें तय की गई हैं।

पहले दिन लिफ्ट एंड एक्केलेटर मैकेनिक के लिए दो, मोटर व्हीकल मैकेनिक में 11, हिंदी सहायक स्टेनोग्राफर के लिए 10, कंप्यूटर जनरल एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के लिए 10 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया। इसके अलावा इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक ड्यूल में आठ, ड्राफ्टसमैन, मैकेनिक में सात, रेफ्रिजरेटर एंड एयर कंडिशनिंग तकनीशियन में पांच, इलेक्ट्रीशियन ड्यूल में नौ, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल में सात, फीटर ड्यूल में छह, मैकेनिक ड्यूल व प्लंबर में चार-चार विद्यार्थियों ने अपनी दाखिला फीस जमा करवाई।

### 8 जुलाई तक ले सकते हैं दाखिला

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सोनीपत आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया के पहले दिन 106 विद्यार्थियों ने अपने दस्तावेजों का सत्यापन व फीस जमा करवाकर दाखिला लिया। मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 8 जुलाई तक दाखिला ले सकते हैं।

**-सुनील मलिक,** नोडल अधिकारी, आईटीआई, सोनीपत



गोहाना। संकाय सदस्यों के साथ विवि की कुलपति प्रो. सुदेश।

## महिला विवि में कार्यशाला का आयोजन: शिक्षकों को नवीन शिक्षा शास्त्र की समझ आवश्यक : प्रो. सुदेश

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के शिक्षा विभाग में टीचिंग मास्टरी-माइक्रो एंड मेगा टीचिंग स्किल्स फॉर क्लासरूम एक्सीलेंस विषय पर 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 1 जुलाई से शुरू इस कार्यशाला का समापन 14 जुलाई को होगा। शुक्रवार को विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने बतौर मुख्यातिथि एम्पोवेरिंग एजुकेटर ए विजनरी डायलाग विषय पर कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों व भावी शिक्षकों को सम्बोधित किया। कुलपति ने नई शिक्षा नीतिः 2020 की दिशा में बढने और कौशल आधारित शिक्षण में दक्षता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक अध्यापक के लिए नवीन शिक्षा शास्त्र की समझ आवश्यक है जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके। कार्यशाला के दूसरे सत्र में अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. रवि भूषण ने दृष्टांत कौशल विषय पर अत्यंत प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को वाद-विवाद और संवाद की शैक्षणिक प्रक्रिया में भूमिका को समझाया और कहा कि एक शिक्षक के लिए शिक्षण के प्रति सकारात्मक मनोभाव आवश्यक है। शिक्षा विभाग के टीचिंग प्रक्टिकम इंटर्नशिप एंड रिसर्च सेल द्वारा आयोजित इस कार्यशाला की निदेशक विभागाध्यक्ष प्रो. वरुणा तेहलान दहिया हैं। कार्यशाला संयोजक डॉ. सुशील कुमार हैं। इस कार्यशाला को डॉ. गोल्डी गुप्ता और डॉ. ज्योतिका की टीम संचालित कर रही है। इस कार्यक्रम में डॉ. सुमन दलाल, डॉ. रीना, डॉ. मोनिका, डॉ. पूनम सहित अन्य संकाय सदस्य एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।